हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 18 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 41.7 डिग्री
न्यूनतम 20.4 डिग्री

10 इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक का शत प्रतिशत परिणाम


11 उपायुक्त ने धर्मपत्नी सहित आश्रम में किया लंच.....


## कोर्ट कॉम्पलेक्स शिफ्ट करने के मामले पर मचा घमासान

# वकील बोले-हमें कहीं नहीं जाना | एमडीयू कर्मी बोले हम नहीं देंगे जगह

### प्रस्तावित साइट पर ट्रैफिक जाम की आशंका, पहले सर्वे की मांग

### सभी पक्ष एक मंच पर आकर फैसले का कर रहे विरोध, प्रशासन पर दबाव

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

कोर्ट कॉम्पलेक्स शिफ्ट करने की कवायद अब प्रशासन के लिए सिरदर्द बनती जा रही है। जिस जमीन पर नई न्यायिक इमारत का सपना बुना जा रहा था, वहीं अब विरोध की चिंगारी भड़ककर अंगार बन चुकी है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कर्मचारी पहले से ही जमीन देने को तैयार नहीं थे, लेकिन अब वकीलों ने भी साफ शब्दों में ऐलान कर दिया है कि वे अपनी कदीमी जगह नहीं छोड़ेंगे। शुक्रवार को दिलचस्प मोड़ तब आया जब एमडीयू कर्मी और अधिवक्ता एक ही मांग कर रहे हैं। इस मांग ने प्रशासन की रणनीति को गहरे संकट में डाल दिया है। दोनों पक्षों का कहना है कि यह केवल जमीन का मामला नहीं, बल्कि संस्थान और न्यायिक व्यवस्था की सुविधाओं से जुड़ा संवेदनशील मुद्दा है।

#### वकीलों ने उपायुक्त को मांगपत्र सौंपा

डीसी को दिए गए मांगपत्र में लीगल एम्पावरमेंट एंड अवेयरनेस फोरम के साथ-साथ अधिवक्ताओं और दूसरे लोगों ने न्यायालय परिसर को यथास्थान बनाए रखने की मांग की है। इसमें कहा गया है कि पिछले कुछ समय से विभिन्न स्थानों जैसे महार्षि दयानंद विश्वविद्यालय के आसपास, सुनारिया, सोनीपत रोड, हिसार रोड और गोहाना रोड पर न्यायालय परिसर शिफ्ट करने के बारे में बताया जा रहा है। फोरम के अध्यक्ष डॉ दीपक भारद्वाज ने कहा कि इससे अधिवक्ताओं, वादकारियों और न्यायालय से जुड़े अन्य लोगों में असमंजस की स्थिति बनी है। वर्तमान न्यायालय परिसर मिनी सचिवालय के पास शहर के केंद्र में स्थित है, जिससे आम नागरिकों, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को सुविधा मिलती है। परिसर का एक भाग हाल ही में निर्मित हुआ है और दूसरा भी अच्छी स्थिति में है, ऐसे में स्थानांतरण का कोई ठोस कारण नहीं है। ज्ञापन में सुझाव दिया गया कि पार्किंग समस्या के समाधान के लिए आसपास स्थित सरकारी भूमि का उपयोग किया जा सकता है। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि न्यायालय को शहर से बाहर ले जाया गया तो इससे न केवल रोजगार प्रभावित होगा, बल्कि आम जनता की न्याय तक पहुंच भी कठिन हो जाएगी।

अलग खबर



रोहतक। डीसी को ज्ञापन देता एमडीयू गैर शिक्षक कर्मचारी संघ।

एमडीयू गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने रोष जताते हुए शुक्रवार को उपायुक्त सचिन गुप्ता और एसडीएम आशीष शर्मा को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों का कहना है कि विश्वविद्यालय की जमीन पर किसी भी बाहरी निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संघ के प्रधान सुरेश कुमार ने बताया कि प्रशासन कन्हैली के पास स्थित जमीन पर कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाने की योजना बना रहा है, जिसका कर्मचारी वर्ग कड़ा विरोध कर रहा है। उन्होंने कहा कि यदि एमडीयू की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास हुआ तो प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस मौके पर पूर्व प्रधान फूल कुमार बोहत का दावा है कि संबंधित जमीन विश्वविद्यालय की है, न कि शिक्षा विभाग की, जैसा कि प्रशासन द्वारा बताया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मुद्दे को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है, जिससे अनावश्यक विवाद पैदा हो रहा है। कुमार ने कहा विवि परिसर में केवल शिक्षा से जुड़े संस्थान ही होने चाहिए। कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनने से न केवल शैक्षणिक माहौल प्रभावित होगा, बल्कि बाहरी गतिविधियों के कारण छात्रों पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है। उपप्रधान प्रेम सजवान, महासचिव डॉ विजय पाल धनखड़, सहसचिव राजकुमार रंगा, कोषाध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा, मुके, विकास गिल, मनीष, हरि प्रकाश, सुरेंद्र, रविंद्र, संजय देसवाल, प्रदीप ढाका, दिग्विजय, चांद सिंह आदि कर्मचारी डीसी को ज्ञापन सौंपने वालों में रहे।

#### छात्र बोले-एक इंच जमीन भी नहीं देंगे

शोधार्थियों और छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. प्रदीप देशवाल के नेतृत्व में नवनियुक्त कुलपति मिलाप पूनिया और कुलसचिव संदीप बंसल से मुलाकात कर जहां औपचारिक बधाई दी, वहीं 22 एकड़ जमीन के मुद्दे पर सरकार के फैसले को सख्त शब्दों में चुनौती भी दी। डॉ. देशवाल ने दो टूक कहा कि विश्वविद्यालय की एक इंच जमीन भी किसी कीमत पर नहीं दी जाएगी।

#### बार-बार कब्जे की हो रहीं कोशिशें

सरकार लंबे समय से इस जमीन पर नजर गड़ाए बैठी है और बार-बार कब्जे की कोशिशें कर रही है। पहले भी वर्ष 2017 में इस जमीन पर कब्जे के प्रयासों को आंदोलन के दम पर विफल किया गया था और इस लड़ाई में छात्रों को मुकदमे तक झेलने पड़े। प्रतिनिधिमंडल ने वीसी से मांग की कि वे लिखित रूप में यह सुनिश्चित करें कि विश्वविद्यालय की जमीन सुरक्षित रहेगी।

#### पहले जाम का आकलन करवाएं

कन्हैली पुल के पास कोर्ट कॉम्पलेक्स बनाने की प्रस्तावित योजना को लेकर वकीलों और एमडीयू कर्मियों ने प्रशासन को साफ चेतावनी दी है कि यह फैसला भविष्य में बड़े ट्रैफिक संकट को जन्म दे सकता है। उनका कहना है कि यदि यहां कोर्ट कॉम्पलेक्स बनाया गया, तो दिल्ली बाईपास चौक समेत आसपास के क्षेत्रों में जाम के हालात बेहद गंभीर हो जाएंगे। विरोध कर रहे लोगों ने उदाहरण देते हुए कहा कि वर्तमान में कोर्ट कॉम्पलेक्स और डीसी ऑफिस के पास आंबेडकर चौक पर जो स्थिति बनती है, उससे भी बदतर हालात कन्हैली क्षेत्र में देखने को मिल सकते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि पहले से ही व्यस्त इस रूट पर भारी न्यायिक गतिविधियों का दबाव ट्रैफिक व्यवस्था को पूरी तरह चरमरा देगा। प्रशासन पर अब इस मुद्दे को लेकर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है और लोगों ने मांग की है कि फैसले से पहले जमीनी हकीकत और ट्रैफिक व्यवस्था का गंभीर आकलन किया जाए।

## भालोठ हत्याकांड : तीसरा आरोपी गिरफ्तार, रंजिश में विकास को मार डाला था

**रोहतक।** भालोठ में स्टेडियम के पास युवक विकास की गोली मारकर हत्या करने के मामले में रोहतक पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना आईएमटी प्रभारी उप निरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि 9/10 अप्रैल की रात को भालोठ निवासी रमेश की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस को रात करीब 12:30 बजे सूचना मिली कि उसके बेटे विकास को गोली मार दी गई है। घायल अवस्था में उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने 16 अप्रैल को तीसरे आरोपी सुमित निवासी किलोई को गिरफ्तार कर लिया। सुमित ने बताया कि मुख्य आरोपी आलोक और मृतक विकास में कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने बदला लेने की नीयत से इस वारदात को अंजाम दिया।

## कलानौर नहर में मिले महिला के शव की पहचान, मानसिक तनाव में थी

**रोहतक।** बृहस्पतिवार देर शाम कलानौर के पास नहर में महिला का शव दिखाई देने पर राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकलवाकर जांच शुरू कर दी। शुक्रवार सुबह पुलिस की कोशिशों के बाद महिला की पहचान ममता के रूप में हुई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान कर ली और बताया कि ममता मानसिक तनाव से गुजर रही थी। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

#### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में होगा खुलासा

पुलिस इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की आशंका या संदेह को दूर किया जा सके।

## मदीना में युवक ने फंदा लागकर की आत्महत्या कारणों का खुलासा नहीं

**महम।** मदीना में एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बहु अकबरपुर थाना पुलिस को सूचना मिली की मदीना कोरसान गांव में वरुण(34) ने अपने मकान में फंदा लगा लिया। सूचना पाकर एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची। एफएसएल इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया ने वहां से साक्ष्य जुटाए। आत्महत्या के पीछे कारण का अभी पता नहीं चला। मृतक अविवाहित था। वरुण की मौत के बाद परिवार में मातम का माहौल है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

■ अविवाहित था युवक परिवार में मातम छाया

### बेहतर कनेक्टिविटी से ऑफिस जाने वालों और छात्रों को होगा फायदा

# दिल्ली-रोहतक रूट पर दौड़ीं डीटीसी की 5 नई एसी ई-बसें, हजारों यात्रियों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दिल्ली से रोहतक के बीच सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। अब इस रूट पर 5 नई एसी ई-बसों की सेवा शुरू कर दी गई है। यह बस सेवा शुक्रवार से शुरू हो गई है, जिससे रोजाना हजारों यात्रियों को सुविधा मिलेगी। इस बेड़े में 2 सीएनजी और 3 इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं। ये सभी बसें आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं और यात्रियों को आरामदायक सफर प्रदान करेंगी। बसों के संचालन से प्रदूषण में भी कमी आने की उम्मीद है, क्योंकि इलेक्ट्रिक बसें पर्यावरण के अनुकूल होती हैं। इन बसों का संचालन इस प्रकार किया गया है कि यात्रियों को सुबह और शाम दोनों समय बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके। सभी बसें रोजाना 5 चक्कर सुबह और 5 चक्कर शाम के समय लगाएंगी। इससे ऑफिस जाने वाले कर्मचारियों, छात्रों और अन्य यात्रियों को सहूलियत होगी।



सफर सुहाना

#### ट्रॉयल सफल, अब नियमित चलेंगी

एक बस शुक्रवार को ट्रायल के लिए रोहतक पहुंची थी, जिसमें सेवा की तैयारियों और रूट की स्थिति का जायजा लिया गया। ट्रायल सफल रहने के बाद अब नियमित संचालन शुरू कर दिया गया है। इस नई बस सेवा से डिपो के हजों यात्रियों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। पहले जहां यात्रियों को भीड़ और समय की समस्या का सामना करना पड़ता था, वहीं अब उन्हें नियमित और समयबद्ध सेवा उपलब्ध होगी।

#### आरामदायक सफर मिलेगा

यह बस सेवा आज से शुरू हो गई है, जिससे रोजाना हजारों यात्रियों को सुविधा मिलेगी। इस बेड़े में 2 सीएनजी और 3 इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं। ये सभी बसें आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं और यात्रियों को आरामदायक सफर प्रदान करेंगी।
-हंसराज, संस्थान प्रबंधक, रोडवेज डिपो

#### 45 हजार लोगों को मिलेगा हैप्पी कार्ड, 1000 किमी मुफ्त सफर

**रोहतक।** हरियाणा रोडवेज ने आम जनता को राहत देते हुए "हैप्पी कार्ड" योजना के तहत अब 45 हजार लोगों को यह सुविधा देने का निर्णय लिया है। इस कार्ड के माध्यम से लाभार्थी रोडवेज बसों में 1000 किलोमीटर तक मुफ्त यात्रा कर सकेंगे। विभाग द्वारा इस योजना का विस्तार करते हुए शुक्रवार से विभिन्न डिपो में हैप्पी कार्ड का वितरण भी शुरू कर दिया गया है।




## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर और सत्संग 24 को

**रोहतक।** संत निरंकारी मिशन द्वारा बाबा गुरबचन सिंह की स्मृति में 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सेक्टर-4 स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में विशाल रक्तदान शिविर और सत्संग कार्यक्रम आयोजित होगा। रक्तदान शिविर में पीजीआई रोहतक और रेड क्रॉस सोसाइटी की टीमें सहयोग करेंगी।

### अंतर-विद्यालय योग प्रतियोगिता कल

**रोहतक।** 19 अप्रैल को एक अंतर-विद्यालय योग प्रतियोगिता ( इंटर स्कूल योगा कंपटीशन) का आयोजन भैयापुर लाढ़ौत में स्थित नवयुग शिक्षा निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रोत्साहित करना तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है।

### गांव खेड़ी साध में चलाया विशेष सफाई अभियान

**रोहतक।** निगम आयुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उदेश्य से निगम ने गांव खेड़ी साध में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत गांव व मुख्य दिल्ली रोड़ की सफाई के साथ-साथ वहां पर फैले कूड़े का उठान कराया व सड़कों के किनारे व सार्वजनिक स्थानों की गहन सफाई, नालियों की सफाई सुनिश्चित की गई।

### छोटी-छोटी त्रुटियों को ठीक कराने के लिए काटने पड़ते हैं कई-कई चक्कर

# अक्षम व्यवस्था के भरोसे शहर निगम सेवाओं से जनता परेशान

**टैक्स, प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों से लोग बेहाल, शिविरों के बावजूद समस्याएं जस की तस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। आम जनता को मूलभूत सेवाओं के लिए भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। टैक्स से संबंधित त्रुटियां हों, परिवार पहचान पत्र की गलतियां या प्रॉपर्टी आईडी में गड़बड़ी हर तरफ लोगों को दुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। समस्याओं के समाधान में हो रही देरी से लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। शहरवासियों का कहना है कि छोटी-छोटी त्रुटियों को ठीक कराने के लिए उन्हें बार-बार निगम कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। कई बार तो एक ही काम के लिए लोगों को कई दिनों तक भटकना पड़ता है, लेकिन समाधान नहीं मिल पाता। इससे न केवल समय की बर्बादी हो रही है, बल्कि मानसिक तनाव भी बढ़ रहा है। प्रॉपर्टी आईडी में गलत लोकेशन, नक्शों में गड़बड़ी और टैक्स रिकॉर्ड में त्रुटियों के कारण लोगों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

कई मामलों में गलत डेटा के चलते अतिरिक्त टैक्स भरना पड़ रहा है, जबकि कुछ लोग अपने दस्तावेज सही करवाने के लिए महीनों से प्रयासरत हैं। नगर निगम द्वारा समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविर भी लगाए गए, लेकिन इन शिविरों का अपेक्षित प्रभाव देखने को नहीं मिला। लोग बताते हैं कि शिविरों में भी लंबी कतारें और अधूरी जानकारी के कारण समस्याएं हल नहीं हो पा रहीं। कई मामलों में शिकायत दर्ज होने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।

#### पूरे कागजात होने पर तुरंत होता है कार्य

लोगों के समय पर काम किए जा रहे है। कोई भी कार्य होता है वह अपनी प्रक्रिया के अनुसार ही होता है। कभी कभार कोई कार्य अधूरे कागजात के कारण भी देरी से होता है। लेकिन पूरे कागजात मिलने पर वह काम तुरंत हो जाता है। आमजन की सुविधाओं के लिए तत्पर तैयार है।

-नमिता कुमारी, संयुक्त आयुक्त, नगर निगम



#### समस्याएं करती हैं परेशान

तकनीकी समस्याएं भी लोगों की परेशानी का बड़ा कारण बनी हुई हैं। कभी पोर्टल बंद रहता है तो कभी सर्वर डाउन हो जाता है। ऑनलाइन सेवाओं के सुचारू रूप से न चलने के कारण लोग न तो अपने दस्तावेज अपडेट कर पा रहे हैं और न ही शिकायतों की स्थिति जान पा रहे हैं।

#### कार्यप्रणाली में हो सुधार

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि निगम को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करना चाहिए और समस्याओं के समाधान के लिए एक स्पष्ट और तेज व्यवस्था लागू करनी चाहिए। साथ ही, तकनीकी खामियों को दूर कर पोर्टल को सुचारू रूप से चलाना जरूरी है।

## बीजेपी ने सिंबल पर उतारे पार्षद प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

सांपला नगरपालिका चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने इस बार सीधा और आक्रामक दांव खेल दिया है। पार्टी अब सिर्फ चेयरमैन की लड़ाई नहीं लड़ रही, बल्कि हर वार्ड को कब्जे में लेने की रणनीति के साथ मैदान में उतरी है। चेयरमैन के साथ पार्षद भी अपने इसी फार्मूले पर काम करते हुए बीजेपी हर वार्ड में अपने अधिकृत सिंबल पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी में है। सीधे मतदान और बहुकोणीय मुकाबले के बीच यह रणनीति गेमचेंजर साबित हो सकती है। अब मुकाबला व्यक्ति बनाम व्यक्ति नहीं, बल्कि संगठन बनाम बिखरे चेहरे का होता दिख रहा है। बीजेपी का लक्ष्य साफ है, वार्ड स्तर का हर वोट सीधे चेयरमैन की झोली में ट्रांसफर हो। इस चाल ने निर्दलीयों की पूरी गणित गड़बड़ा दी है। अब तक जो उम्मीदवार यह मानकर चल रहे थे कि अलग-अलग वार्डों में वोट कटेंगे और वे अपने हिसाब से बढ़त बना लेंगे।

## यूरिन फोटो से होगी बीमारी की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



डॉ. सुंदररमन स्वामीनाथन, प्रोफेसर एवं हेड, नेफ्रोलॉजी, टाटा-आईआईएससी मेडिकल स्कूल, बेंगलुरु ने बताया कि उनकी एक टीम द्वारा आकर्षक रिसर्च पर कार्य किया जा रहा है, जिसमें व्यक्ति अपने यूरिन (मूत्र) का फोटो लेकर उसे डायग्नोसिस सेंटर या सिस्टम को भेज सकेगा। इसके बाद एआई आधारित मशीन कुछ ही समय में यह विश्लेषण कर बताएगी कि मरीज को किस प्रकार की बीमारी हो सकती है। यह तकनीक अभी रिसर्च के चरण में है और इसकी सटीक टाइमलाइन के बारे में फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन उम्मीद है कि शोध पूर्ण होने के बाद इसे पीजीआई में लागू किया जाएगा। पीजीआई में शुक्रवार को चौथे रिसर्च कॉन्क्लेव का भव्य आयोजन सुश्रुत ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच. के. अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया।

# इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक का शत प्रतिशत परिणाम, सरांशी रही अव्वल

- 98 .8 प्रतिशत के साथ मानसी द्वितीय, 98 .6 प्रतिशत के साथ आर्यन रहे तृतीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





इंडस पब्लिक स्कूल रोहतक के कक्षा 10वीं (सत्र 2026) के परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। परिणाम में सरांशी ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मानसी ने 98.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा आर्यन ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अनुष्का ने 97.6 प्रतिशत और कृतिका ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की।

विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परिणाम के अनुसार 33%विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक, एवं 50 % से अधिक विद्यार्थियों ने ने 80% से अधिक अंक हासिल किए ।

विषयवार प्रदर्शन में अंग्रेजी एवं गणित में दो-दो विद्यार्थियों ने 100 में 100 अंक प्राप्त किए, जबकि सामाजिक विज्ञान एवं एआई विषय में भी 100 अंक हासिल किए गए। कई विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 99 अंक प्राप्त कर उत्कृष्टता का परिचय दिया। विद्यालय की चेयरपर्सन डा एकता सिंधु तथा प्रधानाचार्य दीपक वशिष्ठ ने इस उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बुनियाद व एनएमएमएस में चयनित हिमांशु, नैतिक एवं जतिन सम्मानित





**रोहतक।** प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत करते मुख्यअतिथि कप्तान सिंह, बिजेंद्र अहलावत ,नरेश कुमार व मेहरा परिवार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव तैमूरपुर (जेठपुर) में दिवंगत समाजसेवी स्वर्गीय ओम प्रकाश मेहरा की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर एक प्रेरणादायक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मेहरा परिवार द्वारा गांव के राजकीय प्राथमिक एवं उच्च विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर समाज सेवा की एक नई रीत शुरू की गई। कार्यक्रम में पहली से आठवीं कक्षा तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 24 विद्यार्थियों सहित 'बुनियाद' और एनएमएमएस प्रोग्राम में चयनित छात्र हिमांशु, नैतिक व जतिन को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, बच्चों का भविष्य संवारने वाले स्कूल स्टाफ—आशा रानी, हरिओम वर्मा, बबीता, निजेश व शशि को भी उनकी कर्तव्यनिष्ठा के लिए नवाजा गया।





**रोहतक।** लघु सचिवालय में विकास एवं पंचायत तथा ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता । फोटो : हरिभूमि

### जिले में ग्रामीण विकास कार्यों में प्रगति : उपायुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य निरंतर आगे बढ़ रहे हैं और आधारभूत ढांचे, स्वच्छता व आजीविका से जुड़े प्रयासों में सुधार देखने को मिल रहा है। वे शुक्रवार को लघु सचिवालय में विकास एवं पंचायत तथा ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 1405 मकानों के लिए पहली और 541 मकानों के लिए दूसरी किस्त जारी की जा चुकी है, जबकि योजना के अंतर्गत 1525 लाभार्थी पंजीकृत हैं। अमृत सरोवर योजना के तहत 51 सरोवरों का जीर्णोद्धार किया जा चुका है और 10 पर कार्य जारी है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और सामुदायिक सुविधाओं को मजबूती मिल रही है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरावड़ गांव में स्थापित गोबरधन परियोजना के बायोगैस प्लांट को जल्द शुरू किया जाए। यहां लगभग ढाई किलोमीटर लंबी गैस पाइपलाइन बिछाई गई है, जिसकी क्षमता 100 कनेक्शनों की है।

## उपायुक्त ने धर्मपत्नी सहित आश्रम में किया लंच, दो साल से नहीं मिली ग्रांट, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

- शीघ्र समाधान के लिए जरूरतों को लिखित रूप में प्रस्तुत करें आश्रम संस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जिले के उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अपनी धर्मपत्नी हीना गुप्ता के साथ एक आश्रम का दौरा कर बच्चों के साथ समय बिताया और उनके साथ बैठकर भोजन किया। इस दौरान उपायुक्त ने बच्चों को उनके मनपसंद भोजन भी परोसा, जिससे बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। दौरे के दौरान उपायुक्त ने विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी का भी अवलोकन किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संस्था के प्रधान से बातचीत कर आवश्यक सुविधाओं और जरूरतों की जानकारी ली। इस दौरान प्रधान ने बताया कि पिछले दो वर्षों से संस्था को सरकारी ग्रांट नहीं मिली है, जिससे कार्य संचालन में दिक्कतें आ रही हैं। इस पर उपायुक्त सचिन गुप्ता ने आश्वासन दिया कि वे इस मामले को गंभीरता से लेंगे और संबंधित विभाग से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि संस्था अपनी जरूरतों को लिखित रूप में प्रस्तुत करे, ताकि शीघ्र समाधान किया जा सके।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बाल कल्याण समिति, बाल संरक्षण विभाग के प्रतिनिधि सहित कुलदीप संधू, राजरूप राठी, युवराज सिंह, रविंद्र सिंह, हवासिंह राठी और सुभाष सांगवान भी मौजूद रहे। वहीं रेडक्रॉस सोसायटी के सेक्रेटरी रविदत्त और विकास कुमार भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



**रोहतक।** डीन एवं स्टैच्यूटरी अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक लेते कुलपति प्रो . मिलाप पूनिया।

### विवि के विकास को मिलकर निभाएं जिम्मेदारी : कुलपति

**रोहतक।** मदवि के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने डीन एवं स्टैच्यूटरी अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक और शोध समेत विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कुलपति प्रो. पूनिया ने कहा कि विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए सभी को मिलकर जिम्मेदारी निभानी होगी और बेहतर कार्य संस्कृति विकसित करनी होगी। बैठक में कुलपति ने सभी डीन और अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया। कुलपति ने विश्वविद्यालय में नैक मूल्यांकन को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों में गुणवत्ता सुधार पर विशेष फोकस करने की बात कही। साथ ही देश और विदेश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों और रिसर्च लैब्स के साथ एमओयू करने को कहा। कुलपति ने विश्वविद्यालय में नए एकेडमिक कैलेंडर की तैयारी, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने, शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने पर बल दिया।

**फिल्म** 'सूरज और मीनाक्षी का प्यार' में निभाया था मुख्य किरदार की सहेली का रोल

# हरियाणवी फिल्म में फिर जिंदा हुई हिमानी नरवाल हत्या के एक साल बाद रिलीज ने किया भावुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कभी राजनीति और मंच पर अपने हरियाणवी अंदाज से पहचान बनाने वाली कांग्रेस नेत्री हिमानी नरवाल अब एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी अधूरी रह गई फिल्म है। करीब दो साल पहले शुरू हुई हरियाणवी फिल्म "सूरज और मीनाक्षी का प्यार" अब यूट्यूब पर रिलीज हो चुकी है, जिसमें हिमानी नरवाल अपनी आखिरी यादों के साथ दर्शकों के बीच नजर आ रही हैं। बता दें कि रोहतक के विजय नगर की रहने वाली हिमानी नरवाल इस फिल्म में मुख्य किरदार की सहेली के रोल में दिखाई देती हैं। फिल्म के एक दृश्य में वह कॉलेज जाती छात्रा के रूप में बस में बैठी नजर आती हैं, एक साधारण सा सीन, लेकिन अब दर्शकों के लिए बेहद भावुक कर देने वाला बन चुका है।





रोहतक। कलाकारों ने हिमानी को किया याद। फोटो : हरिभूमि

#### भारत जोड़ो यात्रा में हुई शामिल

हिमानी केवल राजनीति तक सीमित नहीं थीं। वह एक बेहतरीन कलाकार भी थीं, जिन्होंने कॉलेज स्तर पर हरियाणवी डांस को नई पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उनकी सक्रियता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भी देखने को मिली, जहां उन्होंने पारंपरिक हरियाणवी वेशभूषा में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई।

#### गला दबाकर हुई थी हत्या

हिमानी नरवाल की हत्या 28 फरवरी 2025 को गला दबाकर की गई थी। इस सनसनीखेज वारदात को उनके ही दोस्त, बहादुरगढ़ निवासी सचिन ने अंजाम दिया। हत्या के बाद आरोपी ने शव को सूटकेस में बंद कर सांपला बस स्टैंड के पास झाड़ियों में फेंक दिया था। 1 मार्च 2025 को पुलिस ने सूटकेस से शव बरामद किया, जबकि 5 मार्च को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

#### कलाकारों ने हिमानी को किया याद

फिल्म के अन्य कलाकारों ने हिमानी को याद करते हुए बताया कि वह न केवल एक अच्छी अभिनेत्री थीं, बल्कि बेहद मिलनसार और ऊर्जा से भरपूर इंसान भी थीं। कलाकार निशा और केशव कादयान ने भावुक होकर कहा कि फिल्म के दौरान बिताए गए पल आज भी याद आते हैं। 45 मिनट की इस फिल्म में हिमानी कई दृश्यों में नजर आती हैं, जो अब उनकी यादों को जिंदा रखते हैं।

## खबर संक्षेप



### बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की

**रोहतक।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर अंबेडकर चौक, रोहतक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय ने की। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष प्रणव कुमार, सचिव अजीत कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष सचिन सैनी, हल्का अध्यक्ष मिथलेश पाण्डेय, हल्का उपाध्यक्ष रंजीत चौधरी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा संजय कुमार साह, वकील साह, प्रमोद कुमार, सुरेश कुमार, बबलू, देव चंद्र राय, रणबीर सिंह और बलराम मालिक सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।



### विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना

**रोहतक।** पंडित नेकी राम शर्मा महाविद्यालय में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उपलब्धियों और उनके सफर का जश्न मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य प्रोफेसर सुरेन्द्र सांगवान के स्वागत संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को उनके परिश्रम और समर्पण के लिए बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों को आगे के जीवन के लिए प्रेरित किया। जूनियर विद्यार्थियों रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें नृत्य, संगीत और मनोरंजक गतिविधियाँ शामिल थीं। इस अवसर पर विभिन्न उपाधियाँ एवं पुरस्कार भी प्रदान किए गए, जिससे विद्यार्थियों की प्रतिभा और व्यक्तित्व को सम्मान मिला।अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों और साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया ।



### एमएस सरस्वती में सुधांशु अव्वल

**रोहतक।** एम.एस. सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल, माता दरवाजा गौकर्ण रोड के विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्र सुधांशु ने 97% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। यश ने 95.6% अंकों के साथ दूसरा, वंशिका ने 92.6% अंक लेकर तीसरा और गरिमा ने 91.4% अंक प्राप्त कर चौथा स्थान हासिल किया। विद्यालय के 51 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक हिमांक मित्तल और प्राचार्या रितु ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने मेधावी छात्रों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया और अन्य विद्यार्थियों को भी कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।



### मनीष ने 95 फीसदी अंक लिए

**रोहतक।** लाढ़ोत रोड स्थित गुरुकुल विश्वभारती के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 10 सत्र 2025-26 के परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर आयोजित सम्मान समारोह में 31 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जबकि 29 छात्रों ने प्रथम श्रेणी और 16 ने द्वितीय श्रेणी हासिल की। छात्र मनीष शेरावत ने 95% अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। नवजीत ने 92.2% अंकों के साथ दूसरा और कृष्णा ने 91% अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। विषयवार प्रदर्शन में अंग्रेजी 90, हिंदी 97, गणित 95, विज्ञान 91, संस्कृत 99, सामाजिक विज्ञान 98 और कंप्यूटर में 97 अंक प्राप्त हुए। इस मौके पर संस्थापक आचार्य हरिदत्त उपाध्याय, निदेशक आचार्य नंदकिशोर, अधिष्ठाता आचार्य नंदलाल व प्राचार्य संजय कौशिक ने विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### परीक्षा दी पर परिणाम में अनुपस्थित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के परीक्षा विभाग और जाट कॉलेज प्रशासन के बीच आपसी तालमेल की कमी का खामियाजा निर्दोष विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। मामला जाट कॉलेज के एमएससी फिजिकल केमिस्ट्री (तीसरे सेमेस्टर) के छात्रों से जुड़ा है, जिन्हें हाल ही में घोषित परीक्षा परिणाम में प्रैक्टिकल विषयों में अनुपस्थित दर्शा दिया गया है। इस प्रशासनिक चूक के खिलाफ एएसएपी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक धनखड़ के नेतृत्व में छात्रों ने रजिस्ट्रार प्रो. संदीप बंसल को ज्ञापन सौंपा। धनखड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि कॉलेज से अवार्ड लिस्ट नहीं मिली, जबकि कॉलेज प्रशासन समय पर लिस्ट भेजने का दावा कर रहा है। इसमें छात्र पिछले तीन सप्ताह से दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं।



### विकल्प पब्लिक का परिणाम शत-प्रतिशत

**रोहतक।** विकल्प पब्लिक हाई विद्यालय के कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। छात्रों ने मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ पढ़ाई करते हुए शानदार परिणाम हासिल किए। विद्यालय की छात्रा मानसी ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा सुमेधा ने 95.8%, परख ने 94.8%, दिशा ने 93.4%, मानसी ने 91.8%, चैदिक ने 90.8%, रेहान ने 90.2% तथा दक्ष ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी सफल विद्यार्थियों की उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय का समग्र परीक्षा परिणाम भी अत्यंत सराहनीय रहा, जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त किए। इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन कमेटी के निर्देशक सुखबीर सिंह, प्रधानाचार्या किरन पाहवा, कोऑर्डिनेटर मंजू सहित सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे।


नेकीराम कॉलेज में प्रदर्शन करते एसएफआई के सदस्य।

## लाइब्रेरी की छत गिरने से छात्राएं घायल होने के मामले में एसएफआई का प्रदर्शन

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय की लाइब्रेरी की जर्जर छत का लेंटर गिरने से दो छात्राएं घायल होने के मामले में शुक्रवार को स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के कार्यकर्ताओं और सैकड़ों छात्रों ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और प्रिंसिपल कार्यालय का घेराव किया। एसएफआई के जिला सचिव अमित पिलाना ने कहा कि कॉलेज की बिल्डिंग पिछले 3 साल से टूटी हुई है। 16 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 11:00 बजे छात्रा अपनी सहेली राखी के साथ लाइब्रेरी में मौजूद थी। इसी दौरान जर्जर छत का एक हिस्सा उनके ऊपर गिर गया। छात्रा के सिर और चेहरे पर गहरी चोटें आई हैं, जबकि उसकी सहेली के हाथ-पैरों में चोट लगी है। छात्रों का आरोप है कि पिछले 2 वर्षों में विधायक भारत भूषण बत्रा से लेकर मंत्रियों तक को ज्ञापन दिए गए, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कॉलेज प्रिंसिपल को मांग पत्र सौंपते हुए जल्द से जल्द नई बिल्डिंग बनवाने की मांग की है। एसएफआई कहा है कि यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो 23 अप्रैल को सरकार व कॉलेज प्रशासन के खिलाफ आंदोलन शुरू किया जाएगा।


रोहतक। धरना को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता।

## हड़ताली अग्निशमन कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**रोहतक।** अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन की हड़ताल दसवें दिन भी जारी रही। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर कर्मचारी मुख्य दमकल केंद्र पर एकत्रित हुए और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। हड़ताल की अध्यक्षता जिला प्रधान सोनू हुड्डा ने की, जबकि मंच संचालन अरुण ढुल ने किया। यूनियन के राज्य प्रधान राजेंद्र सिंह ने बताया कि फरीदाबाद की कालकाजी स्टील फैक्ट्री में ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले भविचंद शर्मा और रणवीर सिंह के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा और एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। उन्होंने कहा कि 9 अप्रैल को कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के साथ हुई वार्ता विफल रही, जिसके बाद हड़ताल जारी रखने का फैसला लिया गया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को बेमियादी हड़ताल में बदला जाएगा। इस मौके पर विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी और सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।


कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

## घुसकानी के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में दमखम दिखा रहे खिलाड़ी

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि जिले के गांव घुसकानी स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में संकुल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 2026 का आयोजन 18 अप्रैल तक किया जा रहा है। यह विद्यालय करनाल संकुल के अंतर्गत आता है, जिसमें कुल 20 विद्यालय शामिल हैं। डीसी ने बताया कि प्रतियोगिता में संकुल के 9 विद्यालयों के 95 खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता का आयोजन अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्गों में किया जा रहा है, जिससे विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा का अवसर मिल रहा है। डीसी ने बताया कि यह प्रतियोगिता चयन प्रक्रिया के रूप में भी आयोजित की जा रही है। इसके अंतर्गत प्रत्येक आयु वर्ग से 12-12 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जो 21 से 23 अप्रैल तक आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेंगे।


रोहतक। कुलपति को ज्ञापन सौंपते महापंचायत के सदस्य।

## एमडीयू सेनेटरी पैड मामला
## वीसी कार्यालय पर प्रदर्शन, रजिस्ट्रार को तुरंत सस्पेंड करने की उठाई मांग

**रोहतक।** एमडीयू में 26 अक्टूबर 2025 को हुए चर्चित सेनेटरी पैड मामले ने फिर तूल पकड़ लिया है। शुक्रवार को रोहतक जिले की समस्त सामाजिक महापंचायत और विभिन्न छात्र संगठनों ने विवि प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कुलपति कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों का मुख्य विरोध यौन उत्पीड़न समिति द्वारा दोषी ठहराए गए असिस्टेंट रजिस्ट्रार की बहाली को लेकर है। प्रदर्शन के दौरान भारी नारेबाजी हुई, जिसे देखते हुए कुलपति और कुलसचिव को स्वयं मौके पर आना पड़ा। महापंचायत के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिस आरोपी को पहले सस्पेंड और टर्मिनेट किया गया था, उसे किन आधारों पर क्लीन चिट देकर दोबारा जॉइनिंग करा दी गई। यह फैसला न केवल निंदनीय है बल्कि उन पीड़ित महिलाओं के आत्मसम्मान के साथ खिलवाड़ है जिन्होंने न्याय की गुहार लगाई थी। एएमवीए अध्यक्ष विक्रम सिंह डुमोलिया, छात्र नेता दिनेश कांगड़ा, मनजीत मोखरा और एकलव्य छात्र संगठन के अध्यक्ष दीपक बोहर आदि ने कहा कि यदि असिस्टेंट रजिस्ट्रार को तुरंत सस्पेंड न किया गया, तो महापंचायत एक बड़े आंदोलन की तरफ रुख करेगी।

- जल्द शुरू होने वाला है सर्वे, अधिकारियों के लिए रैंकिंग बनी चुनौती
- कचरा उठाने के बाद भी सड़कों पर ही कूड़े के ढेर लगा रहे लोग

# जब शहर साफ नहीं तो रैंकिंग का क्या फायदा

## कैसे बढ़ेगी स्वच्छता रैंकिंग जब शहरी खुद ही फैला रहे गंदगी

### जमीनी हकीकत ये : हर जगह कूड़े के ढेर





*ये तो कुछ चुनिंदा फोटो हैं। अगर शहर की हाल देखेंगे तो पता चलेगा कि हर वार्ड और गली मोहल्लों में ऐसी बहुत सी जगह हैं जहां आपको ऐसे ही गंदगी क ढेर दिखाई देंगे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरिभूमि सरोकार

शहर की स्वच्छता रैंकिंग को बेहतर बनाने की कवायद एक बार फिर तेज होने जा रही है, क्योंकि जल्द ही स्वच्छता सर्वे शुरू होने वाला है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब खुद शहरी ही जगह-जगह गंदगी फैला रहे हैं, तो रैंकिंग में सुधार कैसे संभव होगा। प्रशासन और नगर निगम के अधिकारी इस चुनौती से जूझ रहे हैं। हालांकि प्रशासन चाहता है कि रोहतक इंदौर जैसे शहर की तर्ज पर पहली रैंकिंग हासिल करे। इसके लिए निगम द्वारा तैयारियां भी की जा रही हैं। पिछले वर्षों में रोहतक की स्वच्छता रैंकिंग उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। कभी शहर ने औसत प्रदर्शन किया तो कभी रैंकिंग में गिरावट भी देखने को मिली। हालांकि निगम की ओर से सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कई योजनाएं चलाई गईं, लेकिन जमीनी स्तर पर लोगों की भागीदारी की कमी साफ नजर आई। शहर में कई स्थानों पर कूड़े के ढेर आम बात बन चुके हैं। बाजारों, कॉलोनियों और सार्वजनिक स्थलों पर लोग खुले में कचरा फेंकते दिख जाते हैं। कूड़ा फेंकने के लिए 150 से ज्यादा डंपिंग प्वाइंट बने हुए हैं। इसकी वजह से नगर निगम को भी इन जगहों पर कूड़ा दान रखवाने पड़े हैं। यही लापरवाही शहर की छवि को खराब कर रही है और स्वच्छता सर्वे में अंक भी कम करा रही है। अधिकारियों का कहना है कि सफाई कर्मचारियों की तैनाती नियमित रूप से की जा रही है और कूड़ा उठाने की व्यवस्था भी पहले से बेहतर हुई है। इसके बावजूद यदि लोग सहयोग नहीं करेंगे, तो बेहतर रैंकिंग हासिल करना मुश्किल है। इस बार प्रशासन ने विशेष अभियान चलाने की योजना बनाई है, जिसमें जागरूकता पर जोर रहेगा। नगर निगम द्वारा स्कूलों, बाजार व सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही, नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने की प्रक्रिया सख्त की जा सकती है। जब तक लोग अपनी आदतें नहीं बदलेंगे, तब तक स्थायी सुधार संभव नहीं है।

### इंदौर के लोगों ने ठाना कूड़ा नहीं फेंकना है

इंदौर को वैसे ही देश में सबसे स्वच्छ शहर का दर्जा नहीं मिला। नगर निगम के अधिकारियों के प्रयास के अलावा आमजन ने भी अभियान में खुद को शामिल किया। उन्होंने ऐसी आदतों को अपनाया जिससे शहर साफ सुंदर दिखाई दे। साथ ही उन्होंने ठाना कि उन्हें बाहर कूड़ा नहीं फेंकना है। इन सब प्रयास के बाद इंदौर को बेहतर रैंकिंग मिली।

### निगम की अब तक की रैंकिंग

| वर्ष | रैंक |
|---|---|
| 2016 | 288वीं |
| 2017 | 295वीं |
| 2018 | 89वीं |
| 2019 | 69वीं |
| 2020 | 35वीं |
| 2021 | 49वीं |
| 2022 | 38वीं |
| 2023 | 109वीं |
| 2024 | 25वीं |

### नगर निगम ने किए ये प्रयास

नगर निगम द्वारा सभी विभागों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि मैदानी स्तर पर किए जा रहे कार्य और पोर्टल पर दर्ज डेटा में पूर्ण समानता सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार की विसंगति को सीधे प्रदर्शन पर असर डालने वाला माना गया है। इसके लिए एमआईएस, जियो-टैगिंग, फोटो-वीडियो साक्ष्य एवं रिकॉर्ड्स को पूरी तरह अपडेट रखने की व्यवस्था की गई है। शहर में अब "नो गार्बेज, नो स्टेन" की नीति को सख्ती से लागू किया गया है। रोहतक मॉडल के तहत कई उच्च प्रभाव वाली पहलें भी लागू की गई हैं, जिनसे शहर में स्वच्छता का बदलाव सीधे दिखाई दे रहा है। पान-गुटखा एवं मूत्र के दागों के उन्मूलन के लिए विशेष अभियान, सुबह 10 बजे तक शहर को पूर्णतः साफ रखने की व्यवस्था, कचरा-प्रवण स्थलों का उन्मूलन, प्रवेश मार्गों का सौंदर्यीकरण, पिछली गलियों की गहन सफाई तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में 24×7 सफाई व्यवस्था जैसे प्रयास शहर की छवि को तेजी से बदल रहे हैं। निरीक्षण से पूर्व अंतिम चरण में नगर निगम द्वारा विशेष 72 घंटे का वार रूम प्लान लागू किया गया है।

### ऐसे बढ़ाएंगे स्वच्छता रैंकिंग

शहर के शौचालयों को साफ सुथरा किया जाएगा। उनके सफाई के अलावा पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। शहर की कॉलोनियों, पार्क, सार्वजनिक स्थलों, सड़कों पर कूड़ा नहीं दिखाई देगा। जरूरत की जगहों पर डस्टबीन लगाए जाएंगे। कूड़ा निष्पादन प्लांट में कूड़े का निष्पादन किया जाएगा। हर घर गाड़ियों पहुंचेंगी और गीला सूखा कूड़ा अलग अलग उठाएंगी। सर्वे टीम शहर के लोगों से स्वच्छता को लेकर बातचीत करेगी।

### कंट्रोल रूम बनाया

नागरिकों की सुविधा हेतु नगर निगम द्वारा शिकायत एवं सुझाव दर्ज कराने के लिए समर्पित हेल्पलाइन व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। किसी भी प्रकार की सफाई संबंधी समस्या के लिए नागरिक स्वच्छता ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकते हैं या सीधे हेल्पलाइन नंबर 7303050200, 7303050800, 18001805007 तथा 8295900992 पर संपर्क कर सकते हैं। सभी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।



## इतिहास एवं पुरातत्त्व विभाग की पीजी टीम ने 13 ओवर में हासिल की जीत

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्त्व विभाग के स्नातक (यूजी) एवं स्नातकोत्तर (पीजी) छात्रों के बीच सरदार वल्लभ भाई पटेल क्रिकेट स्टेडियम में 15-15 ओवर का मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया। स्नातक टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 109 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्नातकोत्तर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 ओवर में 6 विकेट खोकर मैच अपने नाम कर लिया। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर मोहित (पीजी छात्र) को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच में प्राध्यापक डॉ. विकास पवार ने अंपायर की भूमिका निभाई। वहीं विभाग के शिक्षक डॉ. बीरबल, डॉ. मोनिका, डॉ. स्नेहलता एवं डॉ. शर्मिला यादव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए अनुशासन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मुकाबले में दोनों टीमों के छात्रों के साथ-साथ शोधार्थियों ने भी भाग लिया।

## एबीवीपी ने एमडीयू के नए वीसी को सौंपा 5 सूत्रीय मांग पत्र, समस्याओं के जल्द समाधान की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


रोहतक। कुलपति प्रो. मिलाप पुनिया को ज्ञापन देते एबीवीपी के सदस्य।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की इकाई द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिलाप पुनिया को एक पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने कुलपति से मुलाकात कर परिसर में छात्रों को लंबे समय से आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया और उनके त्वरित समाधान की मांग की।

एबीवीपी ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्य रूप से री-अपीयर, रिवैल्यूएशन, री-चेकिंग और माइग्रेशन की लगातार बढ़ती हुई फीस का कड़ा विरोध किया। इसके साथ ही, कार्यकर्ताओं ने बीटेक और अन्य प्रोफेशनल कोर्सेज के लगभग 90% छात्रों को फेल किए जाने पर गहरा रोष व्यक्त किया। उन्होंने मांग की कि इतने बड़े स्तर पर छात्रों के फेल होने के कारणों की जांच हो और परिणामों की पुनः समीक्षा की जाए। कुलपति ने सुरक्षा इंचार्ज को बड़ी गाड़ियों और बाहरी तत्वों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया।


महम। हड़ताल पर बैठे अग्निशमन केंद्र महम के कर्मचारी।

## मांगों को लेकर 10वें दिन भी हड़ताल पर रहे दमकलकर्मी

**महम।** महम दमकल केंद्र के कर्मचारी शुक्रवार को भी हड़ताल पर रहे। दमकलकर्मियों की हड़ताल का यह दसवां दिन था। हड़ताल की अध्यक्षता प्रधान सोमबीर ने की तथा मंच संचालन सत्यवान ने किया। हड़ताली कर्मचारियों ने कहा कि फरीदाबाद अग्निकांड में जान गंवाने वाले कर्मचारियों को शहीद का दर्जा दिया जाए। मृतकों के परिवारों को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। दमकल कर्मियों को जोखिम भत्ता लागू किया जाए। कर्मचारियों ने रोष जताया कि पिछले 5-6 वर्षों से उनकी सैलरी नहीं बढ़ी है। कर्मचारी मात्र 15 हजार से 20 हजार रुपये में काम कर रहे हैं।

## गुरु ब्रह्मानंद महिला कॉलेज की छात्रा कीर्ति ने एशिया कप तीरंदाजी में जीता कांस्य पदक



**सांपला।** गुरु ब्रह्मानंद महिला कॉलेज कुराना की छात्रा कीर्ति शर्मा ने बैंकॉक में आयोजित एशिया कप 2026(स्टेज-1) में भारतीय महिला रिकर्व टीम के साथ कांस्य पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमक बिखेरी है। भारत ने मलेशिया को 5-1 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से संबद्ध इस कॉलेज की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा कीर्ति मूल रूप से जींद के रिटोली गांव की रहने वाली हैं। कीर्ति ने हाल ही में नेशनल जूनियर तीरंदाजी में गोल्ड मेडल भी जीता था। उनकी इस ऐतिहासिक सफलता पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. कोमल देशवाल और प्रबंधन समिति ने बधाई देते हुए कहा कि कीर्ति की मेहनत अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा बनेगी।

**मार्केट न्यूज**

## तनिष्क रोहतक में "ह्यूज कलेक्शन" का आकर्षक आयोजन



**रोहतक।** शहर के प्रतिष्ठित ज्वेलरी शोरूम तनिष्क रोहतक में "ह्यूज़ कलेक्शन" को लेकर एक विशेष और आकर्षक आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्टोर का माहौल बेहद उत्साहपूर्ण और जीवंत नजर आया, जहाँ ग्राहकों ने नई कलेक्शन को बड़े ही उत्साह और रुचि के साथ देखा और सराहा। कार्यक्रम के दौरान स्टोर को खूबसूरती से सजाया गया था, जिससे पूरे वातावरण में एक अलग ही ऊर्जा और आकर्षण देखने को मिला। ग्राहकों की सक्रिय भागीदारी और सकारात्मक प्रतिक्रिया ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया। इस विशेष अवसर पर ग्राहकों का स्वागत किया गया, जिन्होंने ह्यूज़ कलेक्शन के नए और आकर्षक डिजाइनों को एक्सप्लोर किया। कलेक्शन को ग्राहकों से काफी सराहना मिली और उन्होंने इसकी खूबसूरती और यूनिक स्टाइल की प्रशंसा की। तनिष्क रोहतक की पूरी टीम ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। बेहतर ग्राहक अनुभव, आकर्षक प्रस्तुतिकरण और उत्साहपूर्ण माहौल के साथ यह आयोजन सभी के लिए एक यादगार अनुभव साबित हुआ। कुल मिलाकर, यह आयोजन सफलता, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहा, जिसने ग्राहकों और टीम दोनों के लिए एक शानदार अनुभव प्रदान किया।



## एचडी स्कूल में अमेरिकी फुटबॉल में 11 राज्यों के 350 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**रोहतक।** एच.डी. पब्लिक स्कूल बालंद में पिछले दिनों आयोजित 'अमेरिकी फुटबॉल प्रतियोगिता' ने खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया। अनुशासन और पेशेवर उत्कृष्टता की मिसाल पेश करने वाले इस टूर्नामेंट में देश के 11 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें लगभग 350 जूनियर और सीनियर खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि तारिणी प्रसाद मोहंती द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष जयपाल सिग्रोहा, निदेशक सत्यदेव सिग्रोहा, विशिष्ट अतिथि आरती व संध्या, और अतिथि-विशेष के रूप में निरंजन सिंह, दीप, हैप्पी सिंह सहित खेल जगत की कई हस्तियां मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि ने फेडरेशन द्वारा अमेरिकी फुटबॉल को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। टूर्नामेंट में स्थानीय टीम का दबदबा देखने को मिला। एच.डी. पब्लिक स्कूल की बालिका फ्लैग फुटबॉल टीम ने अपने बेहतरीन कौशल और रणनीतिक खेल के दम पर सफलतापूर्वक सेमीफाइनल में जगह बनाई। टीम के इस शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्य ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

## बूंदाबांदी से मंडियों में रही अफरा-तफरी आज भी सक्रिय रहेगा पश्चिमी विक्षोभ

**रोहतक।** शुक्रवार दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली और पश्चिमी विक्षोभ के असर से रोहतक जिले में कई स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के अनुरूप आए इस बदलाव ने जहां गर्मी से कुछ राहत दी, वहीं मंडियों में चिंता की लहर दौड़ा दी। खुले आसमान के नीचे रखी गेहूं की फसल पर पानी की बूंदें गिरते ही आढ़तियों और किसानों के चेहरे पर बेचैनी साफ नजर आने लगी। दरअसल, इस समय गेहूं की आवक अपने चरम पर है। आधुनिक मशीनों के कारण कटाई तेजी से हो रही है, जिससे एक ही दिन में भारी मात्रा में अनाज मंडियों में पहुंच रहा है। कई दिनों तक मौसम साफ रहने के चलते मंडियां पहले ही गेहूं से ठसाठस भरी हुई हैं। ऐसे में अचानक हुई बूंदाबांदी ने व्यवस्था की पोल खोल दी। मंडी परिसर में हजारों मीट्रिक टन गेहूं खुले में पड़ा है, जिसे सुरक्षित रखना अब बड़ी चुनौती बन गया है। आढ़तियों के लिए सीमित संसाधनों में इतनी बड़ी मात्रा को ढकना लगभग असंभव सा दिख रहा है।

## एसडीएम की फटकार से तेज हुई रफ्तार

- दो दिन में 30 हजार क्विंटल गेहूं की लिफ्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला


सांपला। गेहूं के लदान कार्य करते श्रमिक।

सांपला अनाज मंडी में गेहूं की धीमी लिफ्टिंग को लेकर प्रशासन की सख्ती का असर अब साफ नजर आने लगा है। एसडीएम अंकिता पंवार की फटकार के बाद महज दो दिनों में 30 हजार क्विंटल गेहूं की लिफ्टिंग कर ली गई, जिससे मंडी में लंबे समय से बनी जाम की स्थिति में भी राहत मिली है। दरअसल, मंडी में लगातार बढ़ रही गेहूं की आवक और सुस्त लिफ्टिंग के चलते हालात बिगड़ते जा रहे थे। इसी को देखते हुए एसडीएम ने मंडी का दौरा कर करीब एक किलोमीटर तक पैदल निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने कम लिफ्टिंग करने वाले दो आढ़तियों को कड़ी चेतावनी दी थी कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

कोटा, चंडीगढ़, दिल्ली के बाद अब रोहतक में भी स्पेशल कोचिंग
IIT-JEE | NEET | NDA
6th to 12th Class & Board
ADMISSION OPEN
Get Direct Scholarship For JEE/NEET Courses Based On 10th CBSE Board 2026 Result
DIRECT SCHOLARSHIP

| PERCENTAGE | SCHOLARSHIP |
|---|---|
| Above 95% | 100% |
| 85% - 94% | 95% |
| 70% - 84% | 80% |

1 WEEK FREE TRIAL CLASS BEFORE ADMISSION
Day Boarding Classes for 6th to 12th
KOTA CLASSES
144-L Model Town Near CR Polytechnic College, Rohtak M. 97285-44433

**कार्यक्रम** पं. भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, में रिसर्च कॉन्क्लेव

### 600 प्रतिभागियों ने कराया पंजीकरण 250 से अधिक शोध प्रस्तुत

# रिसर्च ही स्वास्थ्य विज्ञान की रीढ़, एआई से बदलेंगे इलाज के मायने: कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (यूएचएस), में शुक्रवार को सुश्रुत ऑडिटोरियम, में चौथे रिसर्च कॉन्क्लेव का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष कॉन्क्लेव की थीम "ट्रांसफॉर्मिंग रिसर्च विद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसः इम्पैक्ट ऑन हेल्थ" रही। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डॉ. एच. के. अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। कुलपति डॉ. अग्रवाल ने कहा कि रिसर्च किसी भी शैक्षणिक संस्थान की रीढ़ है और स्वास्थ्य क्षेत्र में इसका महत्व और बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि बदलती स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान के लिए साक्ष्य आधारित और सहयोगात्मक रिसर्च जरूरी है। उन्होंने फैकल्टी से युवा शोधकर्ताओं का मार्गदर्शन करने और छात्रों से रिसर्च में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय को प्रभावशाली रिसर्च का केंद्र बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कॉन्क्लेव में लगभग 600 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया, जबकि 250 से अधिक शोध सार प्राप्त हुए। इनमें से 201 पोस्टर और 50 ओरल प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए गए। कुलसचिव डॉ. रूप सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन शोध संस्कृति को नई दिशा देते हैं और मरीजों की देखभाल को बेहतर बनाने में सहायक होते हैं। निदेशक पीजीआईएमएस डॉ. एस. के. सिंघल ने बताया कि संस्थान एआई, मशीन लर्निंग व डेटा एनालिटिक्स के जरिए रोगों की जल्द पहचान और सटीक इलाज की दिशा में कार्य कर रहा है।


रोहतक। कार्यक्रम में डॉक्टरों को सम्मानित करते कुलपति डॉ एच के अग्रवाल। फोटो: हरिभूमि

### डेंटल श्रेणी में इन्हें मिला पुरस्कार

पोस्ट ग्रेजुएट पोस्ट डेंटल की श्रेणी में पहला पुरस्कार परिचय सिंघल ने जीता जिसे 8000 पर नगद पुरस्कार दिया गया, दूसरा पुरस्कार अभिषेक ने जीता जिन्हें 4000 नगद पुरस्कार दिया गया। वही एमबीबीएस श्रेणी में पहला पुरस्कार कृतिका ने जीता जिन्हें 8000 नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया वहीं भावना सहरावत को द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर 4000 नगर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### यह रहे अवार्ड और नकद पुरस्कार विजेता

कॉन्क्लेव में उत्कृष्ट रिसर्च के लिए डिपार्टमेंट ऑफ मेडिकल एजुकेशन की टीम को सम्मानित किया गया। डॉ. अनुपमा को प्रथम और डॉ. जितेंद्र वाधवानी को द्वितीय पुरस्कार मिला। डॉ हरनीत सिंह ने बताया कि ओरल पेपर श्रेणी में पहला पुरस्कार पूर्वा सिंघला ने जीता जिसे 12000 नकद पुरस्कार दिया गया, दूसरा पुरस्कार प्रियांशी बिष्ट ने जीता जिन्हें 10000 पर नगर पुरस्कार दिया गया, वहीं तृतीय पुरस्कार अनीशा ने जीता जिन्हें 8000 नकद पुरस्कार दिया गया। यूजी छात्रों में पहला पुरस्कार तनुश्री ने जीता जिसे 4000 नकद पुरस्कार दिया गया, वहीं सांभवी ने द्वितीय पुरस्कार जीता जिसे 2000 दिए गए। पैरामेडिकल श्रेणी में पहला पोस्ट पुरस्कार आरजू ने जीता जिसे 8000 दिए गए वहीं द्वितीय पुरस्कार सिद्धांत ने जीता जिसे 4000 रुपये दिए गए।

## खेत में कमरे से 60 हजार चोरी, आरोपी पर केस दर्ज

**महम।** महम थाना क्षेत्र में सीसर रोड एक खेत में बने कमरे से 60 हजार रुपए चोरी हो गए। इस संबंध में अजायब गांव निवासी उमेद सिंह ने बताया कि वह महम में अरुण कुमार के खेत में काम करता है। यह खेत सीसर रोड पर है। कल अरुण उसको 60 हजार रुपए देकर दिल्ली चला गया था। कहा था कि ये पेमेंट किसी को दे देना। उसने ये पैसे खेत में बने कमरे में ही रख दिए थे। जब लेनदार व्यक्ति उसके पास पैसे लेने के लिए खेत में आया तो, उसने पैसे संभाले। लेकिन उसको पैसे वहां पर नहीं मिले। दिन में केवल एक ही आदमी उसके पास आया था। उसका नाम मोनू पुत्र लाला है। उसे शक है कि मोनू ने ही उसके पैसे निकाले हैं। पुलिस ने इस संबंध में मोनू के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## युवक अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की सीआईए-2 स्टाफ टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से एक पिस्तौल बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। सीआईए-2 प्रभारी उप निरीक्षक सतीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 अप्रैल को सहायक उप निरीक्षक मनोज के नेतृत्व में पुलिस टीम रोहतक से गांव बोहर की ओर गश्त पर थी। टीम जब स्टेडियम गोल चक्कर के पास पहुंची तो उन्हें सूचना मिली, जिसके आधार पर संदेह के चलते एक युवक को काबू किया गया। पूछताछ में युवक की पहचान धीरज पुत्र धर्मेंद्र निवासी दादरी हाल निवासी बोहर के रूप में हुई। पुलिस द्वारा नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध पिस्तौल बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।


ON ALL MRP 6% OFF
Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
UPTO 80% OFF
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
JUST ₹1
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
1 KG SUGAR
SUPER DEAL OF THE WEEK
1 LTR
ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
18 April to 03 May
ROHTAK BAHADURGARH JHAJJAR SAMPLA GOHANA KARNAL SONIPAT HISAR BHIWANI
COCA / SPRITE / FANTA / LIMCA 2LTR ₹79
REAL MASALA JUICE / COCONUT WATER 1LTR BUY 1 GET 1 FREE
LAHORI ZEERA 24 PCS MRP - ₹240 ₹190
MANGO SIP 1LTR BUY 1 GET 1 FREE
FRESCA BUY 1 GET 3 FREE
RED BULL MRP - ₹125 ₹99
HURRICANE ENERGY DRINK (250 ml) BUY 1 GET 1 FREE
BUDWEISER NON ALCOHOLIC BUY 1 GET 2 FREE
AMUL TOMATO KETCHUP BUY 1 GET 1 FREE
GM POHA(500G) BUY 1 GET 1 FREE
MCCAIN 1.2KG BUY 1 GET 1 FREE
BREGANO PASTA ALL VARIANTS BUY 1 GET 1 FREE
BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG BUY 1 GET 1 FREE
UNIFIT MUESLI HONEY & STRAWBERRY BUY 1 GET 2 FREE
SATMOLA NAMKEEN BUY 1 GET 1 FREE
HALDIRAM NAMKEEN 12.5% OFF ON MRP
MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG BUY 1 GET 1 FREE
24 MANTRA MUSTARD OIL 1 LTR ML BUY 1 GET 1 FREE
24 MANTRA ATTA 5KG BUY 1 GET 1 FREE
Fortune atta ( 10 kg ) MRP - ₹485 ₹415
PATANJALI ATTA 10KG MRP - ₹480 OUR PRICE ₹399
AASHIRVAAD ATTA 10KG MRP - ₹499 OUR PRICE ₹439
TATA TEA PREMIUM 1 KG MRP - ₹480 ₹329
DAAWAT ROZANA GOLD BASMATI RICE 5 KG MRP - ₹600 ₹399
MUSCLEBLAZE UPTO 40% OFF ON MRP
PRO NATURE MAKHANA BUY 1 GET 1 FREE
RAJDHANI BESAN 1 KG MRP - ₹150 ₹87
LOOSE SUGAR 5 KG OUR PRICE ₹230
PATANJALI COW GHEE 900ML MRP - ₹731 ₹675
PREET LITE MRP - ₹451 ₹309
ARIEL MATIC LIQUID DETERGENT 4KG FRONT LOAD TOP LOAD 33% OFF ON MRP
TIDE DETERGENT 10KG MRP - ₹1179 OUR PRICE ₹769
SAFE WASH MATIC TOP LOAD 2LTR BUY 1 GET 1 FREE
COMFORT 2 LTR IMPORTED BUY 1 GET 1 FREE
WIPRO SAFE WASH MATIC LIQUID 1LTR BUY 1 GET 2 FREE
CLEAN & CLEAR FACEWASH 240 ML BUY 1 GET 1 FREE
Rohtak, Bus Stand
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480
Rohtak, Model Town
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480
Karnal
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555
Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127
Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899
Sampla
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626
Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531
Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555
Zirakpur
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91-89300 79600
Hisar
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
Contact: +91-9896938427
Bhiwani
Meham Gate, opposite Saini Juice, Bhiwani, Haryana.
Contact: +91 99960 31240
UPCOMING BRANCHES
Mohali Ghaziabad Pinjore Sirsa Panipat Narnaul Jind Rewari
Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
Payment Accepted
*T & C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.